# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नैनी सैनी हवाई पट्टी से कब शुरू होगी हवाई सेवा

**इंतजार**

## सरकार यदि करे कंपनी का भुगतान तो शुरू हो सकती है विमान सेवा

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिले की नैनी सैनी में चलने वाली हैरीटोज एविएशन का नौ सीटर विमान जब बाइस मार्च को उतरा था तो रनवे में फिसल गया था। बता दे कि उसमें सवार यात्री हादसे का शिकार होने से बच गये थे।

लाकडाउन चलने की वजह से विमान लंबे समय तक पट्टी पर ही खड़ा रहा था। ऐसे हालातों में जिले में विमान सेवा पूरी तरह से बंद हो चुकी थी। देश में अब कई सेवायें शुरू हो चुकी है। आलम यह है कि जिले के नैनी सैनी पट्टी पर अब तक हवाई सेवा शुरु न हो पाने के कारण जिले के लोग मायूस हो गए है। हजले में आखिर कब तक विमान सेवा भविष्य में भी शुरू हो पायेगी या नही यह संशय अभी भी बरकरार है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हैरीटेज विमान में आई खराबी को दूर कर दिया गया है



और विमान को पिथौरागढ़ से देहरादून को भेजे हुए माह से उपर तक का समय हो चुका है। नैनी सैनी हवाई पट्टी से अब हवाई सेवा कब प्रारम्भ होगी इसका जवाब फिलहाल किसी के पास मौजूद नजर नही आ रहा है।

पेज थ्री को मिली जानकारी के मुताबिक उड़ान योजना के तहत कम किराए पर विमान सेवा देने वाली हैरीटेज एविएशन को सरकार से मिलने वाली धनराशि नही मिली है। हाल ही में जिले में बीते दिनों एविएशन के मालिक जिला मुख्यालय आए थे। अब इसका मामला राज्य सरकार के पास है। यदि राज्य सरकार कंपनी को तय समय पर भुगतान कर देती है तो जिले में दुबारा विमान सेवा शुरू हो सकेगी। जिले के प्रशासन को इस बारे मे अभी तक कोई खासा जानकारी नही मिल पाई है कि विमान सेवा जिले में आखिरकार कब तक शुरू हो सकेगी। दूसरी ओर जिले के लोगों द्वारा हवाई सेवा के लिए बीस सीटर विमान उड़ाये जाने की मांग और भी तेजी से उठने लगी है। जिले के लोगो का साफ कहना है कि सेवा देने वाला विमान नया होना चाहिए। जिले के लोगों को उम्मीद है कि शायद जल्द जिले में विमान सेवा शुरू हो जाए।

## न्यूज डायरी

### पवित्र छड़ी यात्रा पिथौरागढ़ के लिए हुई रवाना

**संवाददाता** हरिद्वार। श्रीपंच दशनाम जूना आनंद अखाड़े की पवित्र प्राचीन छड़ी यात्रा माता पूर्णागिरि के दर्शनों के लिए सोमवार की शाम पहुंची। जहां मन्दिर के प्रवेश द्वार पर स्थित भैरव मन्दिर में सिद्धबाबा कालूगिरि के शिष्य महंत लाल गिरि ने पवित्र छड़ी तथा प्रमुख महंत महंत प्रेमगिरि महाराज व साधुओं के जत्थे का माल्यापर्ण कर स्वागत किया। कोरोना के महामारी के कारण माता पूर्णागिरि का मन्दिर बंद था। इसलिए पवित्र छड़ी ने प्रवेश द्वार से पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगलवार को प्रातः पवित्र छड़ी टनकपुर से चम्पावत पहुंची। जहां पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी अपर जिलाधिकारी डीएस मर्तोलिया, एसडीएम गर्ब्याल, सीओ ध्यान सिंह, कोतवाल धीरेन्द्र कुमार, निरीक्षक सोनू सिंह, डा. यशवंत नवल जोशी, राजू बोरा, सुरेन्द्र आदि ने सैकड़ों नागरिकों के साथ पवित्र छड़ी यात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। प्रकाश तिवारी ने पवित्र छड़ी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### सुनील भंडारी बने भाजपा ओबीसी मोर्चा के गढ़वाल सह संयोजक

**संवाददाता** पुरोला। भाजपा प्रदेश कार्यकारणी ने कार्यकारणी का विस्तार करते हुए पुरोला से सुनील भंडारी को गढवाल ओबीसी मोर्चा का गढ़वाल सह संयोजक की नामित किया है। सुनील भंडारी को ओबीसी मोर्चा का गढ़वाल सह संयोजक चुने जाने से रवांई क्षेत्र के पुरोला,नौगांव व मोरी भाजपा कार्यकर्ताओं खुशी जताई है। भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजपाल पंवार व बलदेव रावत ने भण्डारी को ओबीसी मोर्चा का सह संयोजक बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि भाजपा में प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान व आगे बढनें का अवसर दिया जाता है,भण्डारी को पार्टी ने गढ़वाल सह संयोजक बनाकर क्षेत्र के साथ हम सब का सम्मान किया है।

### उत्तराखंड के दो फैन्स अपने क्रिकेट ज्ञान का इस्तेमाल कर माय 11 सर्किल पर बने करोड़पति

**संवाददाता** देहरादून। एक क्रिकेटर और माय11सर्किल पर एक खिलाड़ी के बीच क्या समानता है? दोनों को गेम, विपक्षी टीम, पिच और मौसम की बेहतरीन जानकारी की जरूरत होती है। क्रिकेट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी और सही फैसले लेने की क्षमता ने उत्तराखंड के दर्शन बिष्ट और वीरेंद्र सिंह नेगी को माय11सर्किल पर साप्ताहिक करोड़पति टूर्नामेंट का चैंपियन बनाया है। गौरतलब है कि माय11सर्किल, भारत की अग्रणी ऑनलाइन गेमिंग कंपनी गेम्स 24/7 का लोकप्रिय फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है।

### पिथौरागढ़ विस की जनसमस्याओं को लेकर सीएम से मिली विधायक चंद्रा पंत

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जनपद की जन समस्याओं को लेकर विधायक चंद्रा पंत ने दून में मुख्यमंत्री से उनके आवास में जाकर भेंट की। जिले की विधायक चंद्रा पंत ने समस्याओं के निसतारण हेतु एक पत्र मुख्यमंत्री को सौंपा। इस पत्र के माध्यम से विधायक द्वारा क्षेत्र के संपर्क मार्गो के निर्माण व क्षेत्र की जो सड़के लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है उनको दुबारा शुरु किये जाने व जिले में विगत लंबे अर्से से स्वास्थ सुविधाओं का अभाव होने व जिले में लंबे समय से रोजगार की मांग कर रहे प्रशिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार उपलब्ध कराये जाने की मांग को लेकर तमाम जनमुददों पर वार्ता की। मुख्यमंत्री ने विधायक के मांग पत्र की समस्याओं को सकारात्मक तौर पर कारवाई किये जाने का मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया है। यह जानकारी देहरादून से विधायक ने मीडिया को जिले में प्रेषित की।



### एसडीएम ने गांव में लाल धान क्राप कटीगं कर जाना उत्पादन का आंकलन

**संवाददाता** पुरोला। फसलों पर फसलों पर मौसम का प्रभाव जाननें को लेकर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह समेत राजस्व टीम ने मंगलवार को रवांई के लाल धान के उत्पादन का आंकलन करनें को गांव–गांव में लाल धान क्राप कटीगं किया ताकि मौसमी प्रभाव के चलते उपज का पता चल सके।

मंगलवार को उपजिलाधिकारी सोहन सिह सैनी की देखरेख में कमल सिराईं क्षेत्र के दणमाणा गांव में कुंदनिंया पुत्र दौलतु के लाल धान फसल खेत में 30 वर्ग मी खेत में क्राप कटीगं कर मंडाई को किसान को सौंप दिया। एसडीएम ने बताया कि हर वर्ष फसलों पर मौसम के प्रभाव को जानने व उत्पादन में बढोत्तरी–घटोत्तरी जाने को लेकर 30 वर्ग मीटर फसल को प्रशासन की देख रेख में काटकर कई खेतों की फसलों का कटाई के 15 दिन बाद मंडाई के बाद उत्पादन का आंकलन किया जाता है।

## ताले तो खुले है लेकिन स्टाफ पिथौरागढ़ से ही कार्यालय चलाते है

**संवाददाता**

मुनस्यारी। आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी के कार्यालय का बोर्ड तो यहां लगा है, लेकिन असल ओफिस 135 किमी दूर जिला मुख्यालय में चल रहा है। कर्मचारी वेतन यहां के नाम पर ले रहे है और मौज पिथौरागढ़ में काट रहे है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने इस कार्यालय का औचक निरीक्षण किया तो वहां दरवाजे तो खुले मिले, लेकिन कार्यालय में एक भी कार्मिक नहीं दिखा।

उत्तराखंड राज्य बनने के बाद राज्य के मुख्य सचिव डां आर. एस.टोलिया ने मुनस्यारी में आलू व शाकभाजी के विकास के लिए

**जिला पंचायत सदस्य ने किया औचक निरीक्षण, कार्यालय में एक भी कार्मिक नहीं दिखा**

अलग से इस कार्यालय की स्थापना की। उत्तरकाशी, चमोली के साथ राज्य में इस तरह के मात्र तीन कार्यालय है. 2003 में बने इस कार्यालय की गत सुधरने की जगह खराब होती चली गई।

2011 से आलू एवं शाकभाजी विकास अधिकारी का पद रिक्त छल रहा है. तभी से यह पद जिला मुख्य उधान अधिकारी के पास है। इसका फायदा उठाकर इस कार्यालय में तैनात तीन लिपिक, एक अनुसेवक, एक चौकीदार ने स्वंय को डी.एच.ओ. कार्यालय में अटैच करा दिया. जानकारी मिली है कि जिला मुख्यालय में उधान अधिकारी के परिसर में ही मुनस्यारी के इस कार्यालय का कैम्प कार्यालय अवैध रूप से चल रहा है।

आलू एवं शाकभाजी के किसानो ने जिपं सदस्य मर्तोलिया को इसकी जानकारी दी। आज जैसे ही जिपं सदस्य इस कार्यालय को देखने को गये तो पाया कि ताले तो खुले है लेकिन स्टाफ पिथौरागढ़ से ही कार्यालय चलाते है। मर्तोलिया ने इसका अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे जिला मुख्य उधान अधिकारी को पत्र लिखकर अटैच सभी कार्मिको का अटैचमेंट निरस्त कर तत्काल उन्हे मूल तैनाती स्थल में योगदान देने के लिए आदेश जारी करने को कहा।

### बाग की दीवार गिरने से दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**संवाददाता** हरिद्वार, 06 अक्टूबर। मकान निर्माण के दौरान बाग की दीवार गिरने से दो पक्षों में खूनी संघर्ष छिड़ गया। बताया जा रहा है कि दोनों ओर से लाठी–डण्डों व सरिये का जमकर इस्तेमाल किया गया। घटना से क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गयी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। बताया जा रहा है कि मारपीट की घटना में दोनों ओर से तीन लोग घायल हो गये। जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर एक की हालत नाजुक देखते हुए उसको हॉयर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने बाग मालिक की तहरीर पर तीन भाईयों सहित पांच के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। कोतवाली ज्वालापुर एसएसआई सुनील रावत ने बताया कि राम रहीम कॉलोनी ज्वालापुर में वहीद अपने घर पर निर्माण कार्य करा रहा था। वहीद का पड़ोसी बाग मालिक सगीर अहमद से विवाद चला आ रहा है। निर्माण के दौरान बाग की दीवार टूट गई। जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया।